


छत्तीसगढ़ में पुलिस कमिश्नर प्रणाली... पृष्ठ 2 | झोलाछाप डॉक्टरों को प्रतिबंधित ... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




शुक्रवार, 23 जनवरी 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 102, पृष्ठ 06, मूल्य 3 रुपए




## स्वास्थ्य सेवाओं के साथ युवाओं को मिलेगा रोजगार : नवा रायपुर बनेगा सेंट्रल इंडिया का हेल्थकेयर हब - मुख्यमंत्री

### चार माह में जमीन लीज और रजिस्ट्री पूरी, ?680 करोड़ की लागत से बनेगा 300 बिस्तरों का बॉम्बे हॉस्पिटल



**रायपुर।** नवा रायपुर को देश के प्रमुख हेल्थकेयर हब के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में नवा रायपुर स्थित मंत्रालय महानदी भवन में देश के प्रतिष्ठित बॉम्बे हॉस्पिटल एंड मेडिकल रिसर्च सेंटर और नवा रायपुर विकास प्राधिकरण के मध्य 15 एकड़ भूमि के लीज एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता नवा रायपुर में प्रस्तावित मेडिसिटी के विकास को नई गति देगा। यह परियोजना न केवल राज्य के हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करेगी, बल्कि निवेश के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ की तेज़ और भरोसेमंद प्रशासनिक कार्यप्रणाली का भी उदाहरण बनेगी। राज्य सरकार द्वारा 24 सितंबर 2025 को निवेश आमंत्रण जारी किए जाने के बाद मात्र चार माह के भीतर भूमि चिन्हांकन, आवश्यक स्वीकृतियां और रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी कर ली गई, जो अपने आप में एक नया बेंचमार्क है। नवा रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा आबंटित 15 एकड़ भूमि पर बॉम्बे हॉस्पिटल ट्रस्ट द्वारा लगभग ?680 करोड़ की लागत से 300 बिस्तरों का अत्याधुनिक मल्टी सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल स्थापित किया जाएगा। यह अस्पताल ट्रस्ट का देश में चौथा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल होगा। इससे पूर्व मुंबई, इंदौर और जयपुर में ट्रस्ट के सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं। बॉम्बे हॉस्पिटल के माध्यम से कार्डियक साइंसेज, कैंसर उपचार, न्यूरोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स, क्रिटिकल केयर, ऑर्गन ट्रांसप्लांट सहित कई उन्नत चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होंगी। इसके प्रारंभ होने से छत्तीसगढ़ और आसपास के राज्यों के मरीजों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए मुंबई या दिल्ली जैसे महानगरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा। इस परियोजना से 500 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है, जिनमें डॉक्टर, सर्जन, नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ और मेडिकल टेक्नीशियन शामिल होंगे। इसके साथ ही हेल्थकेयर सप्लाई चेन, सेवाओं और सहयोगी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अप्रत्यक्ष रोजगार भी उत्पन्न होंगे, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को उल्लेखनीय प्रोत्साहन मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर कहा कि बॉम्बे हॉस्पिटल की स्थापना से नवा रायपुर में मेडिसिटी का सपना साकार होने की दिशा में निर्णायक कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश के नागरिकों को अपने ही राज्य में विश्वस्तरीय सुपर स्पेशलिटी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी और युवाओं को गुणवत्तापूर्ण रोजगार के अवसर मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के निरंतर विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। बॉम्बे हॉस्पिटल जैसे प्रतिष्ठित संस्थान का नवा रायपुर में निवेश करना राज्य की नीतिगत स्थिरता, तेज़ निर्णय क्षमता और निवेशक-अनुकूल वातावरण पर विश्वास का प्रमाण है। यह परियोजना छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास नीति 2024ङ्क30 के अंतर्गत स्वास्थ्य जैसे रणनीतिक क्षेत्रों को दिए जा रहे विशेष प्रोत्साहनों और समयबद्ध क्रियान्वयन का प्रत्यक्ष परिणाम है। इससे नवा रायपुर को सेंट्रल इंडिया के प्रमुख हेल्थकेयर डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध सिंह, उद्योग विभाग के सचिव श्री रजत कुमार, आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव श्री अंकित आनंद, नवा रायपुर विकास प्राधिकरण के सीईओ श्री चंदन कुमार, बॉम्बे हॉस्पिटल ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं चेयरमैन श्री भरत तापड़िया, सचिव श्री श्याम जी सहित ट्रस्ट एवं शासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रशासन का कड़ा प्रहार : 400 करोड़ का अवैध धान खपाने की साजिश नाकाम

### कोचियों- बिचौलियों पर ऐतिहासिक कार्रवाई, सीमाओं पर नाकाबंदी से टूटा अवैध नेटवर्क



**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )** । धान खरीदी व्यवस्था में वर्षों से सक्रिय कोचियों और बिचौलियों के खिलाफ जिला प्रशासन ने इस वर्ष ऐसा कड़ा और निर्णायक प्रहार किया है, जिसने पूरे अवैध नेटवर्क की कमर तोड़ दी है। खरीदी सत्र के पहले दिन से लागू सख्त निगरानी, सीमावर्ती राज्यों की सीमाओं पर नाकाबंदी और वरिष्ठ अधिकारियों की सतत मॉनिटरिंग के चलते करीब 400 करोड़ रुपये मूल्य का अवैध धान सोसायटियों में खप ही नहीं पाया। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध धंधे में लिप्त तत्वों में हड़कंप मच गया है।प्रशासन ने स्पष्ट रणनीति के तहत एक ओर जहां वास्तविक किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसका पूरा ध्यान रखा, वहीं दूसरी ओर कोचियों द्वारा मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र से अवैध रूप से धान लाकर खपाने की कोशिशों पर पूरी तरह रोक लगाई। सीमावर्ती बैरियरों पर सघन जांच, दस्तावेज सत्यापन और लगातार निगरानी ने अवैध धान की सप्लाई चेन को शुरुआत में ही ध्वस्त कर दिया।

सख्ती का सीधा असर यह रहा कि गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक किसानों ने धान की बिक्री की, जिससे प्रशासन की पारदर्शी व्यवस्था पर किसानों का भरोसा और मजबूत हुआ। इस बीच की गई गहन जांच में बड़ा खुलासा भी हुआ— करीब 700 टोकनों के भौतिक सत्यापन में 14 हजार क्विंटल धान अस्तित्व में ही नहीं मिला, बावजूद इसके टोकन कटवाए गए थे। समय रहते इस अनियमितता को पकड़कर प्रशासन ने बड़े फर्जीवाड़े को रोक दिया।धान खरीदी व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए चलाए गए अभियान के तहत राजनांदगांव जिले में 60,167 किसानों ने रकबा समर्पण किया, जो प्रदेश में सर्वाधिक है। वहीं प्रशासन की कार्रवाई से 16,206 हेक्टेयर क्षेत्रफल का रकबा समर्पण संभव हुआ, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि खरीदी प्रणाली में अब पारदर्शिता और अनुशासन स्थापित हो चुका है।

#### 14 करोड़ का अवैध धान जब्त, 50 वाहन सीज

कोचियों- बिचौलियों के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान के तहत राजनांदगांव, डोंगरगढ़ और डोंगरगांव अनुविभागों में बड़ी कार्रवाई की गई। प्रशासन ने करीब 43,912 क्विंटल अवैध धान, जिसकी अनुमानित कीमत 14 करोड़ रुपये है, जब्त की है। इसके साथ ही अवैध परिवहन में प्रयुक्त 50 वाहनों को सीज किया गया है।

#### धान बेचने में किसानों ने तोड़ा रिकॉर्ड

प्रशासनिक सख्ती और पारदर्शी व्यवस्था का परिणाम यह रहा कि जिले में अब तक 1,14,508 किसानों ने धान की बिक्री की है। आगामी दिनों के लिए 12,949 टोकन जारी किए गए हैं, जिससे यह तय माना जा रहा है कि इस वर्ष लगभग 2 हजार किसान अधिक धान बिक्री करेंगे। प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया कि किसी भी वास्तविक किसान को सोसायटी में धान बेचने में कोई दिक्कत न हो।इसी कारण किसानों में उत्साह और विश्वास दोनों देखने को मिला।



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बसंत पंचमी की पूर्व राजनांदगांव शहर की अनेक मंदिरों में शानदार साथ सज्जा की गई है। प्रस्तुत फोटो सदर बाजार, राजनांदगांव स्थित लगभग 115 वर्ष पुराने जैन श्वेताम्बर मंदिर का है।

## जल जीवन मिशन से ग्राम भालूकोन्हा के ग्रामीण जीवन में आयी खुशहाली

### नलों के माध्यम से ग्रामीणों के प्रत्येक घरों तक पहुंच रहा शुद्ध पेयजल



**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ विकासखंड के सुदूर वनांचल ग्राम भालूकोन्हा में 6 हैण्डपम्पों के माध्यम से पेयजल की व्यवस्था होती थी। ग्रीष्म ऋतु में इनमें से अधिकांश हैण्डपम्पों का जलस्तर नीचे चले जाने के कारण ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ता था। जल जीवन मिशन ने ग्राम भालूकोन्हा में ऐतिहासिक बदलाव ला दिया है। जिस पेयजल के लिए ग्रामीणों को रोज संघर्ष करना पड़ता था, वह अब नलों के माध्यम से ग्रामीणों के प्रत्येक घरों तक पहुंच रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पहले ग्राम में पेयजल की बहुत समस्या थी। ग्रीष्म ऋतु में हैण्डपंप सूख जाते थे और अशुद्ध पानी के कारण बीमारियां होती थी, जिसके कारण ग्रामीणों के समय, मेहनत एवं स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता था। जल जीवन मिशन ग्रामीणों के लिए सम्मान, स्वास्थ्य और विकास की एक नई शुरूआत है। शासन के जल जीवन मिशन अंतर्गत डोंगरगढ़ विकासखंड के सुदूर वनांचल ग्राम भालूकोन्हा में पाइप लाईन बिछाई गई। जल स्त्रोतों का संरक्षण किया गया और हर घर तक नल से शुद्ध पेयजल पहुंचाया गया। ग्राम भालूकोन्हा के ग्रामीणों की भागीदारी से यह कार्य सफलतापूर्वक पूरा हुआ। जल जीवन मिशन ने ग्राम की तस्वीर बदल दी है। अब हर घर में नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रहा है। ग्रामीण महिलाओं के समय की बचत हो रही है। महिलाएं बचे हुए समय को आजीविका एवं बच्चों की शिक्षा में लगा रही हैं। जलजनित बीमारियों में कमी आयी है, जिससे स्वास्थ्य बेहतर हुआ है। ग्राम में स्वच्छता एवं जीवन स्तर में सुधार हुआ है। पेयजल की सुनिश्चित उपलब्धता से ग्रामीणों के जीवन को आसान बनाया है, बल्कि ग्राम को आत्मनिर्भर एवं स्वस्थ भी किया है।

## शुभम तिवारी का सी आर पी एफ में चयन, माता-पिता व क्षेत्र का नाम किया रोशन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्रामीण अंचल की प्रतिभाएं आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। कड़ी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर वे देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में अपनी जगह बना रही हैं। इसी क्रम में छूरिया तहसील अंतर्गत ग्राम भर्रीटोला (ब) के होनहार युवक शुभम तिवारी ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सी आर पी एफमें चयनित होकर पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाले शुभम तिवारी ने कठिन परिश्रम और लगन के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है। उनके चयन की खबर मिलते ही परिवार और गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। शुभम के पिता सतीश तिवारी एवं माता श्रीमती लक्ष्मी तिवारी ने बताया कि शुभम बचपन से ही मेहनती और अनुशासित रहे हैं तथा देश सेवा के क्षेत्र में करियर बनाने का सपना देखते थे। शुभम के सी आर पी एफमें चयन पर परिजनों, मित्रों एवं ग्रामीणों ने मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्रामवासियों का कहना है कि शुभम की सफलता ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है और यह साबित करती है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। शुभम तिवारी की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे ग्राम भर्रीटोला (ब )और छुरिया क्षेत्र का मान बढ़ा है।










## एनबी ग्रुप आफ स्कूल्स में बसंत पंचमी पर विशेष छूट



**2 फरवरी तक प्रवेश शुल्क में 100 प्रतिशत छूट**

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। नीरज बाजपेयी ग्रुप आफ स्कूल्स में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर शाला में प्रवेश लेने वाले छात्रों को विशेष छूट दी जा रही है। यह छूट एनबी ग्रुप आफ स्कूल्स के सभी ब्रांचों ( नीरज विद्या मंदिर डोंगरगांव सहित ) में समान रूप से दी जा रही है।

प्ले ग्रुप/ नर्सरी से कक्षा पांचवीं तक प्रवेश लेने पर प्रवेश शुल्क पूर्णत: माफ किया जायेगा, यह छूट सभी ब्रांचों में 2 फरवरी तक प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी के लिए मान्य होगी। साथ ही कक्षा छठवीं से बारहवीं तक की कक्षाओं में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए शाला प्रवेश शुल्क में 2000 की छूट दी जाएगी। एनबी ग्रुप आफ स्कूल्स के किसी भी ब्रांच में 2 फरवरी तक नर्सरी में प्रवेश लेने वाले छात्रों की प्री नर्सरी की पढ़ाई शाला द्वारा फ्री में कराई जाएगी, इसके लिए किसी भी तरह की शुल्क नहीं लिया जाएगा बसंत पंचमी के अवसर पर शाला में नवप्रवेशित छात्रों का विद्यारंभ संस्कार पूरे विधि-विधान से मंत्रोच्चारण के साथ किया जाएगा। यह पूजन कार्य विशेष रूप से पंडित जी / गुरु माता के मार्गदर्शन में संपादित किया जाएगा। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी और नीरज पैरेंट्स प्राइड बल्देवबाग में यह संस्कार सुबह 9 बजे तथा नीरज पैरेंट्स प्राइड जयस्तंभ चौक व नीरज फाउंडेशन स्कूल खंडेलवाल कालोनी में सुबह 10:30 बजे संपन्न करायी जायेगी। नये सत्र 2026-27 से एनबीआईएस बोरी स्कूल में प्ले स्कूल की शुरुआत होने जा रही है। नीरज माइलस्टोन स्कूल खैरागढ़ में प्रवेश लेने वाले छात्रों को अलग तरह की दी जा रही विशेष छूट 9 फरवरी तक मान्य है। माइलस्टोन में प्रवेश लेने वाले नर्सरी एवं प्री नर्सरी के छात्रों को ट्रांसपोर्ट अर्थात बस सुविधा नि:शुल्क प्रदान की जा रही है.एनबी ग्रुप आफ स्कूल्स के एनबीआईएस बोरी ब्रांच में फिजिक्स वाला पीडब्ल्यू की ऑफलाइन रेगुलर कक्षाएं भिलाई ब्रांच के शिक्षकों द्वारा एन बी आई एस बोरी स्कूल में ली जा रही है ये कक्षाएं फाउंडेशन,नीट एवं जे ई ई /आई आई टी हेतु नियमित रूप से संचालित की जा रही है। इन कक्षाओं का संचालन नवीन सत्र से राजनांदगांव शहर में स्थानीय बल्देवबाग स्थित नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल में भी नीट हेतु ड्रॉप लिए बच्चों के लिए ली जायेगी, जहां फिजिक्स वाला के अनुभवी शिक्षक अपनी सेवाएं समान रूप से देंगे। शाला के डायरेक्टर श्री नीरज बाजपेयी द्वारा आधुनिक नवीन शिक्षा प्रणाली को ध्यान में रखते हुए ऐसी सुविधाओं को शाला में जोड़ा जा रहा है ताकि छात्र न केवल किताबी ज्ञान अपितु जीवन में आने वाले चुनौतियां के लिए तैयार हो। श्री बाजपेयी का कहना है कि शाला में बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी आवश्यक है ताकि छात्र अपने नैतिक मूल्यों को जान सके। बसंत पंचमी एक ऐसा अवसर है जब ज्ञान की देवी मां सरस्वती का प्रादुर्भाव हुआ है, मां की विशेष कृपा प्राप्त करने का दिन होता है। नवप्रवेशित छात्रों को प्रवेश में छूट देने से पालकों को विशेष आर्थिक लाभ प्राप्त होता है। श्री बाजपेयी का पालकों से विनम्र अनुरोध है कि कोई भी पालक एनबी ग्रुप आफ स्कूल्स के किसी भी ब्रांच में पधार कर शाला का निरीक्षण स्वयं करें एवं दिए गए छूट का लाभ प्राप्त करें।

# छत्तीसगढ़ में पुलिस कमिश्नर प्रणाली 'खाकी' का बढ़ता कद, आईएएस लॉबी की चुनौती और जनता के सवाल -

**जितेंद्र जैन जीतू**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ सरकार प्रशासनिक सुधार की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाने जा रही है। 23 जनवरी को राजधानी रायपुर से पुलिस कमिश्नर प्रणाली' की विधिवत शुरुआत होने वाली है। यह केवल एक प्रशासनिक फेरबदल नहीं, बल्कि राज्य की कानून-व्यवस्था के ढांचे में आमूलचूल परिवर्तन है। सूत्र बताते है की इस नई व्यवस्था के तहत, पुलिस अब मजिस्ट्रियल (दंडाधिकारी) शक्तियों से लैस होगी, जो अब तक जिलाधीश के अधिकार क्षेत्र में थीं।

दूसरे राज्यों (जैसे महाराष्ट्र, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हाल ही में मध्य प्रदेश) की तर्ज पर शुरू हो रही इस प्रणाली का मुख्य उद्देश्य पुलिसिंग को अधिक प्रभावी और त्वरित बनाना है, लेकिन इसके साथ ही अधिकारों के संतुलन, भ्रष्टाचार और नौकरशाही के बीच टकराव के सवाल भी खड़े हो गए हैं। क्या बदलेगा ? :

**कलेक्टर से कमिश्नर तक शक्तियों का हस्तांतरण**

जानकारों के अनुसार, इस प्रणाली के लागू होते ही पुलिस के पास ऐसे कई अधिकार आ जाएंगे, जिनके लिए उन्हें अब तक कलेक्टर की अनुमति का इंतजार करना पड़ता था। इसमें प्रतिबंधात्मक कार्रवाई (धारा 144, 151), गुंडा एक्ट, और जिला बदर जैसी कार्रवाई भी शामिल हैं। वे प्रमुख अधिनियम जो अब पुलिस कमिश्नर के अधिकार क्षेत्र में होंगे

छत्तीसगढ़ पुलिस अधिनियम, 2007 कैदी अधिनियम, 1900, जेल अधिनियम, 1894, विष अधिनियम, 1919, अनैतिक देह व्यापार निवारण अधिनियम, 1956 मोटर वाहन अधिनियम, 1988, गैर कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 , राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1990 (रासुका/NS की शक्ति) ऑफिसियल सीक्रेट एक्ट,1923 * राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 * पुलिस (असंतोष फैलाना) अधिनियम, 1922 * सिनेमा अधिनियम, 1952 (प्रदर्शन



लाइसेंस आदि) * पेट्रोलियम अधिनियम, 1934 * राजद्रोही सभा रोकथाम अधिनियम, 1911 * पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 * शस्त्र अधिनियम, 1959 (आर्म्स लाइसेंस) * विस्फोटक अधिनियम, 1884 सरकार यह बदलाव क्यों कर रही है? सरकार का तर्क स्पष्ट है— 'स्मार्ट पुलिसिंग'। त्वरित निर्णय वर्तमान 'दोहरी कमान प्रणाली' में एसपी को लाठीचार्ज, फायरिंग या धारा 144 लगाने के लिए डीएम या एसडीएम की अनुमति लेनी पड़ती है। कमिश्नर प्रणाली में पुलिस स्वयं निर्णय ले सकेगी, जिससे दंगों या आपात स्थिति में 'रिस्पॉन्स टाइम' कम होगा। शहरीकरण की मांग रायपुर अब एक महानगर का रूप ले चुका है। बढ़ती जनसंख्या और अपराध के बदलते तरीकों (साइबर क्राइम, संगठित गिरोह) से निपटने के लिए पुलिस को स्वतंत्र अधिकारों की आवश्यकता है। जवाबदेही

कानून व्यवस्था बिगड़ने पर अक्सर पुलिस यह कहकर बच जाती थी कि मजिस्ट्रेट का ऑर्डर देर से मिला। अब सीधी जवाबदेही पुलिस कमिश्नर की होगी।

**आईएएस लॉबी पर असर और अंतद्वंद्व**

यह छिपा नहीं है कि नौकरशाही में आईएएस और आईपीएस के बीच वर्चस्व की एक मूक लड़ाई हमेशा रहती है। इस प्रणाली से कलेक्टर का पद अब कानून-व्यवस्था के मामले में 'सुपर कॉप' का नहीं रहेगा। शस्त्र लाइसेंस, होटल-बार लाइसेंस और धरना-प्रदर्शन की अनुमति जैसे मलाईदार और रसूख वाले काम पुलिस के पास चले जाएंगे। नियंत्रण और संतुलन आईएएस लॉबी का तर्क हमेशा यह रहा है कि पुलिस एक 'बल' (स्नशह्म्द्ग) है, उसे 'न्यायिक' अधिकार देने से वह निरंकुश हो सकती है।और कलेक्टर एक नागरिक अधिकारी के रूप में पुलिस की ज्यादतियों पर नजर रखता है। इस प्रणाली में वह 'चेक' हट जाएगा। इससे दोनों सेवाओं के बीच शीतयुद्ध की स्थिति बन सकती है।

**भ्रष्टाचार लगाम लगेगी या बढ़ेगा ?**

यह इस नई व्यवस्था का सबसे ज्वलंत प्रश्न है। भ्रष्टाचार बढ़ने का डर आलोचकों का मानना है कि 'पूर्ण सत्ता पूर्णतः भ्रष्ट करती है। जब गिरफ्तार करने वाला (पुलिस) और जमानत देने या जिला बदर करने वाला (मजिस्ट्रेट) एक ही विभाग का हो, तो पुलिसिया राज और वसूली का खतरा बढ़ जाता है। अनैतिक देह व्यापार और आर्म्स एक्ट जैसे मामलों में पुलिस की मनमानी बढ़ सकती है। वहीं पक्षधरों का कहना है कि अभी फाइलें कलेक्ट्रेट और एसपी ऑफिस के बीच घूमती हैं, जिससे जनता परेशान होती है और दलालों का हस्तक्षेप बढ़ता है। 'सिंगल विंडो सिस्टम' से पारदर्शिता आ सकती है, बशर्ते शीर्ष अधिकारी ईमानदार हों। 23 जनवरी से शुरू हो रही यह प्रणाली पुलिस के लिए जितनी बड़ी शक्ति है, उतनी ही बड़ी परीक्षा भी। यदि पुलिस कमिश्नर प्रणाली का उपयोग केवल 'पावर गेम' के लिए हुआ, तो जनता का पिसना तय है। लेकिन, यदि इसका उपयोग अपराध नियंत्रण और त्वरित न्याय के लिए किया गया, तो यह छत्तीसगढ़ के विकास में मील का पत्थर साबित होगी।

## नौरीन शम्सी को पर्यावरण वन जलवायु परिवर्तन आयोग का सदस्य नियुक्त

**पदमराज सिंह ठाकुर**



**कबीरधाम (नांदगांव टाइम्स)।** भाजपा नीति मंच केंद्रीय नेतृत्व संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन आयोग के केंद्रीय राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त कारी फत्तेउद्दीन कादरी जी तथा भाजपा नीति मंच के संगठन महामंत्री हर्ष माहेश्वरी जीके अनुमोदन उपरांत छत्तीसगढ़ प्रदेश के कवर्धा निवासी भाजपा नेत्री श्रीमती नौरीन शम्सी को केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन आयोग का सदस्य नियुक्त कीया गया है। जिससे छत्तीसगढ़ प्रदेश में हर्ष का माहौल है, इस ओर छत्तीसगढ़ राज्य में नवनियुक्त पर्यावरण वन जलवायु परिवर्तन आयोग की सदस्य श्रीमती नौरीन शम्सी ने कहा है कि केंद्रीय संगठन ने मुझे मेरे प्रदेश के लिए एक महत्वपूर्ण नवीन जिम्मेदारी सौंपी है ।

## स्टेट हाई स्कूल मैदान में हुआ 7 दिवसीय स्वदेशी मेला का आगाज उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सांसद पांडे

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** स्वालंबन की ओर बढ़ता भारत के स्लोगन के साथ गुरुवार को स्टेट हाई स्कूल मैदान में



सात दिवसीय स्वदेशी मेला की शुरुआत हो चुकी है। 22 जनवरी से 28 जनवरी 2026 तक चलने वाले स्वदेशी मेला का उद्घाटन समारोह गुरुवार शाम को रखा गया। इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राजनांदगांव सांसद श्री संतोष पांडे शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्री मधुसूदन यादव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष श्री योगेश दत्त मिश्रा, नगर निगम राजनंदगांव के सभापति श्री पारस वर्मा एवं छत्तीसगढ़ स्वदेशी जागरण मंच की प्रांत सह संयोजक श्रीमती शीला शर्मा मंच पर उपस्थिति रहीं। अतिथियों के साथ ही मंच पर स्वागत समिति के अध्यक्ष योगेश बागड़ी, मेला संयोजक विनोद डढढा, स्वागत समिति उपाध्यक्ष मनोज निर्वाणी, स्वागत समिति सचिव विजय मानिकपुरी, सह सचिव डॉ चंद्रशेखर वर्मा, सहसंयोजक के रूप में किशुन यादव एवं कमलेश बैद,पार्षद रवि सिन्हा उपस्थित रहे। मंच का संचालन विजय मानिकपुरी ने किया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। स्वागत भाषण के बाद अतिथियों का उद्बोधन हुआ। इसके बाद स्कूली बच्चों द्वारा रामलीला का आयोजन किया गया और फिर भजन संध्या हुई। स्वदेशी मेला में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी फूड आइटम, किताबें, कालीन, क्रोकरी आइटम आदि के आकर्षक स्टॉल लगाए गए हैं। इसके अलावा बच्चों के मनोरंजन के लिए विविध झूले भी लगाए गए हैं। मेला आयोजन के प्रति दिवस विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही प्रत्येक दिवस रंगोली, कलश, मेहंदी, कंगन सजाओ, केश सज्जा, शिशु वेशभूषा, युगल जोड़ी, आरती थाली सजाओ, प्रांतीय पारंपरिक वेशभूषा, रंगभरो/चित्रकला, व्यंजन, बसंत सुंदरी, निबंध एवं क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। मेला आयोजन के प्रथम दिन ही सैकड़ो की संख्या में लोग पहुंचे। आने वाले दिनों में अधिक संख्या में लोगों के आने का अनुमान है।

## संविदा कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि, 10 वर्ष सेवा पूर्ण करने वालों की सेवा आगे भी रहेगी

**राजनांदगांव।** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ लगातार कर्मचारी हितैषी मुद्दों को लेकर विद्युत प्रबंधन के समक्ष मजबूती से आवाज उठाता रहा है। सकारात्मक चर्चा के माध्यम से तथा आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन के जरिए महासंघ ने हमेशा कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने का प्रयास किया है।

इसी क्रम में विगत कई वर्षों से लंबित 22 सूत्रीय मांगों को लेकर महासंघ निरंतर संघर्षरत रहा है। इन मांगों में वर्ष 2004 के पश्चात नियुक्त कर्मचारियोंङ्कअधिकारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने एवं संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण जैसे प्रमुख विषय शामिल थे। इन मांगों को लेकर अखिल भारतीय मजदूर संघ के मंत्री एवं उद्योग प्रभारी श्री राधेश्याम जायसवाल के मार्गदर्शन में 09 अक्टूबर 2025 को विद्युत कंपनी मुख्यालय डंगनिया में विशाल आमसभा एवं धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया था। इस आंदोलन के परिणामस्वरूप 24 अक्टूबर 2025 को चेयरमैन महोदय



के साथ हुई द्विपक्षीय वार्ता में संविदा कर्मचारियों के वेतन वृद्धि संबंधी प्रस्ताव महासंघ से मांगा गया था। छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ के प्रदेश कार्यालय मंत्री चेतनानंद दुबे ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि महासंघ के विशेष प्रयासों से 22 जनवरी 2026 को विद्युत कंपनी प्रबंधन द्वारा संविदा कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि का आदेश जारी किया गया है। समान कामङ्कसमान वेतन की अवधारणा के अनुरूप संविदा कर्मचारियों का मूल वेतन नियमित परिचारक श्रेणी-3 के समकक्ष निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही 5 प्रतिशत मैदानी भत्ता, अनुभव के आधार पर 27 प्रतिशत तक विशेष अनुदान राशि देने का निर्णय लिया गया है। महासंघ की एक और बड़ी उपलब्धि के रूप में 10 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके संविदा कर्मचारियों को सेवामुक्त नहीं करने तथा उनकी सेवा आगे भी जारी रखने का आदेश जारी किया गया है। साथ ही संविदा कर्मचारियों के अन्य हितलाभों के लिए एक कमेटी के गठन पर भी सहमति बनी है, जो प्रत्येक वर्ष वेतन एवं अन्य सुविधाओं की समीक्षा कर आवश्यक निर्धारण करेगी। इस अवसर पर महासंघ के प्रतिनिधियों ने पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री आर. के. शुक्ला का पुष्पगुच्छ भेंट कर आभार व्यक्त किया। वहीं संविदा कर्मचारियों की ओर से श्री राधेश्याम जायसवाल का भी पुष्पगुच्छ भेंट कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय मंत्री एवं उद्योग प्रभारी राधेश्याम जायसवाल, अखिल भारतीय विद्युत कर्मचारी महासंघ के उपमहामंत्री हरीश चौहान, कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा, अखिल भारतीय कार्यसमिति सदस्य डी. के. यदु, श्रीमती रीता बघेल, महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय तिवारी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष तेज प्रताप सिन्हा, प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ, उपाध्यक्ष मोरध्वज जायसवाल, केमल वर्मा, रायपुर क्षेत्रीय अध्यक्ष परमेश्वर कन्नौजे, सचिव नीलांबर सिन्हा, कोषाध्यक्ष पवन ओंगले, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राकेश सैनी, पुरनदास कठुरे, श्रीमती कल्पना तुमराम सहित बड़ी संख्या में संविदा कर्मचारी शुभम यदु, टाकेश्वर साहू आदि उपस्थित रहे। उक्त जानकारी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष तेज प्रताप सिन्हा द्वारा दी गई।

बिना दस्तावेज अनाज भंडारण पर बड़ी कार्रवाई

## सहसपुर लोहारा के जैन ट्रेडर्स में 4738 बोरी धान और अनाज जप्त

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम रणवीरपुर स्थित जैन ट्रेडर्स एवं



दाल मिल में मंडी प्रशासन ने औचक निरीक्षण कर बड़ी कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान फर्म परिसर में 4738 बोरी धान और अन्य अनाज का अवैध भंडारण पाया गया। जांच में यह सामने आया कि अनाज के भंडारण से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं था। अनियमितता पाए जाने पर मंडी प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर ही सभी 4738 बोरी अनाज जप्त कर लिया। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर मंडी सचिव भंडारी एवं मंडी इंस्पेक्टर मनोज वैष्णव के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कार्रवाई की गई। जांच के दौरान फर्म परिसर में कुल 4738 बोरी अनाज बिना किसी वैध दस्तावेज के भंडारित पाया गया। जप्त अनाज में 4453 बोरी धान, 90 बोरी चना, 170 बोरी तुअर, 10 बोरी सोयाबीन तथा 15 बोरी गेहूं शामिल हैं। निरीक्षण के समय फर्म द्वारा अनाज भंडारण से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। इस पर मंडी प्रशासन ने छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 की धारा 20/23 के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए जप्ती प्रकरण दर्ज किया तथा मौके पर पंचनामा एवं सूपूर्दनामा तैयार किया गया।

## कैट ने मनाया सालगिरह और जन्मदिवस



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** आज कैट द्वारा भावेश अग्रवाल एवं पायल अग्रवाल की शादी की सालगिरह पर अभिलाषा संस्था में केक काटकर सालगिरह मनाया गया। इसी के साथ साथ आलोक बिंदल का भी केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर कैट के शरद अग्रवाल, अध्यक्ष राजू डागा, योगेश खत्री, अमित खंडेलवाल, संजय तेजवानी, एवं राहुल जायसवाल उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से सुरक्षित हुई महिलाओं की रसोई

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** जब रसोई से धुआँ हटता है, तो सिर्फ दीवारें साफ़ नहीं होतीं, एक महिला की सेहत, समय और आत्मसम्मान भी सुरक्षित होता है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस योजना ने ऐसी ही एक नई शुरुआत दी है कबीरधाम जिले की श्रीमती धनाइया पटेल को, जिनकी ज़िंदगी अब धुएँ से नहीं, सुकून से भरी है। कबीरधाम जिले के ग्राम सौगना की रहने वाली श्रीमती धनाइया पटेल ने ग्राम पंचायत के माध्यम से उज्ज्वला योजना में आवेदन किया था। आवेदन स्वीकृत होने के बाद उन्हें निःशुल्क गैस कनेक्शन, सिलेंडर और चूल्हा मिला। इसी के साथ धुएँ भरी रसोई से उन्हें हमेशा के लिए राहत मिल गई। श्रीमती धनाइया बताती हैं कि पहले लकड़ी से खाना बनाना बहुत मुश्किल होता था। बरसात के दिनों में लकड़ी भीग जाती थी, आग जलाने में समय लगता था और पूरा किचन धुएँ से भर जाता था। अचानक मेहमान



आ जाएं तो खाना बनाना और भी परेशानी भरा हो जाता था। उनकी छोटी रसोई में धुएँ का सीधा असर सेहत पर पड़ता था। अब हालात पूरी तरह बदल चुके हैं। वे खुशी से कहती हैं, अब एक चिंगारी में चूल्हा जल जाता है और खाना जल्दी बन जाता है। न धुआँ है, न आंखों में जलन। बच्चों को जब भूख लगे, तुरंत खाना बना देती हूं। अब उन्हें न लकड़ी इकट्ठा करने की चिंता है, न धुएँ से जूझने की मजबूरी। समय की बचत हो रही है और स्वास्थ्य भी पहले से बेहतर हुआ है। उनका कहना है कि उज्ज्वला योजना ने उनकी रोज़मर्रा की ज़िंदगी को आसान और सुरक्षित बना दिया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस योजना ने कबीरधाम जिले की हजारों महिलाओं की रसोई में बदलाव लाया है। यह योजना सिर्फ गैस कनेक्शन नहीं, बल्कि महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य, सम्मान और सुविधा देने की एक मजबूत पहल है।

## खिलाड़ी जीवन की हर चुनौती का सामना साहस और धैर्य से करता है : संजय सिन्हा

**छुरिया (नांदगांव टाइम्स)।** छुरिया विकासखंड के ग्राम पिनकापार मे दो दिवसीय संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन अवसर के मुख्यातिथि के रूप में संजय कुमार सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया वही अध्यक्षता चंद्रिका प्रसाद डडसेना पूर्व उपाध्यक्ष जिला भाजपा विशेष अतिथि के रूप में अशोक मरकाम महामंत्री मंडल भाजपा छुरिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि आज हम यहाँ क्रीड़ा प्रतियोगिता के शुभ अवसर पर एकत्रित हुए हैं। खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि जीवन को अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास की दिशा देने वाला सशक्त माध्यम है। खेल हमें सिखाता है कि जीत से अधिक महत्वपूर्ण प्रयास होता है और हार से सीख लेकर आगे बढ़ना ही सच्ची सफलता है। डडसेना ने



बताया कि क्रीड़ा प्रतियोगिताएँ हमारे भीतर टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और सहनशीलता का विकास करती हैं। मैदान में पसीना बहाने वाला खिलाड़ी जीवन की हर चुनौती का सामना साहस और धैर्य से करता है। खेल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, मन को प्रसन्न करते हैं और राष्ट्र के लिए उत्कृष्ट खिलाड़ी तैयार करते हैं। मरकाम ने अपने सारगर्भित उद्बोधन करते हुए आज की इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ी पहले से ही विजेता हैं, क्योंकि उन्होंने अभ्यास, अनुशासन और खेल भावना को अपनाया है। मैं सभी खिलाड़ियों से आग्रह करता हूँ कि वे खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लें, नियमों का पालन करें और एक-दूसरे का सम्मान करें। अंत में, मैं आयोजकों, शिक्षकों और अभिभावकों का आभार व्यक्त करता हूँ, जिनके सहयोग से यह आयोजन संभव हुआ। आइए, हम सब मिलकर खेलों को जीवन का अभिन्न अंग बनाएं और स्वस्थ, सशक्त भारत का निर्माण करे । इस अवसर पर दरबार यादव अध्यक्ष जनभागीदारी समिति हाईस्कूल पिनकापार, पी डी साहू सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, मकुंद चंद्रवांसी,छन्नू लाल वारदे सहित बड़ी संख्या ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### शुभांक

3-5-8

790-6 124-7

### भाग्यांक

199-9 330-6


### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पंचराम ठाकुर, मेरे साले दिवाकर चुरेंद्र, पिता श्री गैंद लाल चुरेंद्र, निवासी राजनांदगांव की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की अंकसूची तथा स्थानांतरण प्रमाण पत्र (युगांतर पब्लिक स्कूल, राजनांदगांव) दिनांक 20.01.2026 को पुराना बस स्टैंड, राजनांदगांव के पास गुम हो गए हैं।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त दस्तावेज प्राप्त हों तो कृपया नीचे दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सूचित करें।

**पंचराम ठाकुर**
वार्ड 45 कौरिनभाठा,
राजनांदगाँव (छ.ग.)
मो.9407711140

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिकदण्डाधिकारी खैरागढ़ जिला राजनांदगांव (छ..)**

**- ईश्तहारः-**

रा.मा.क्रज्ब्बी-121 वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजयदास आ. पंचूदास निवासी शहर / ग्राम पिपरिया प.ह.नंज. तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई द्वारा अपने पिता स्व. पंचूदास आ. नजरू के मृत्यु प्रमाण पत्र की माँग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में मृत्यु दिनांक 14/11/2028 को स्थान पिपरिया होना बताया जाकर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो, ये सुनवाई तिथि 29/01/2026 लिखित में स्वयं/अथवा अपने अभिभाषक हे माध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दाबा / आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 08/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**जारी दिनांकः- 08/01/2026**
**सुनवाई दिनांकः- 29/01/2026**

सील **कार्यपालिक दंण्डाधिकारी खैरागढ़**

### नाम परिवर्तन

मैं, श्यामा चौधरी पिता श्री भोलाराम चौधरी जाति यादव निवासी ग्राम-खुर्सीपार, तहसील-डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव छ. ग. का हूँ। जो कि मेरे पुत्र के नाम से जारी आधार कार्ड में उनका नाम मुरलीधर चौधरी दर्ज है, जो त्रुटिपूर्ण है। जिसे सुधार कर सही नाम मुरली कुमार पिता श्री श्यामा चौधरी दर्ज किया जावे।

**श्यामा चौधरी**
**पिता श्री भोलाराम चौधरी**
निवासी ग्राम-खुर्सीपार
तह.-डोंगरगांव
जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)

### नाम परिवर्तन

मैं, अंकालू राम रावटे पिता श्री उदेराम रावटे जाति हल्बा निवासी ग्राम-गोड़लवाही, तहसील-कुमरदा, जिला-राजनांदगांव छ.ग. का हूँ। जो कि मेरी पुत्री के नाम से जारी आधार कार्ड में उनका नाम कू. चंचल रावटे दर्ज है, जो त्रुटिपूर्ण है। जिसे सुधार कर सही नाम चंचल रावटे पिता श्री अंकालू राम रावटे दर्ज किया जावे।

**अंकालू राम रावटे**
**आ. श्री उदेराम रावटे**
**निवासी ग्राम-गोड़लवाही**
**तह. - कुमरदा जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)**

nandgaon times jan-23-3.qxd 1/22/2026 11:57 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) न्यूजीलैंड में भारत के राजदूत के रूप में हाल ही में किसे नियुक्त किया गया है?*
*2) जनवरी 2026 में किस राज्य में पहली डॉग सैंक्चुअरी का शुभारंभ किया गया है?*
*3) 16 महाजनपदों का उल्लेख किस बौद्ध ग्रंथ में मिलता है?*
*4) ब्रिक्स नेटवर्क यूनिवर्सिटी में शामिल होने वाला देश का एकमात्र राजकीय कृषि विश्वविद्यालय हाल ही में कौन सा बना है?*
*5) धारीदार टाइगर तितली को कहां की राजकीय तितली घोषित किया गया है?*

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) मुआनपुई सायावी (2) पंजाब (3) अंगुत्तर निकाय (4) पंजाब कृषि विश्वविद्यालय (5) चंडीगढ़

# झोलाछाप डॉक्टरों को प्रतिबंधित दवाइयों की आपूर्ति

### स्वास्थ्य अधिनियम के तहत गंभीर विषय

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राजनांदगांव जिले एवं खैरागढ़ -मानपुर क्षेत्र में स्वास्थ्य अधिनियम एवं औषधि कानूनों से जुड़ा एक गंभीर और चिंताजनक मामला सामने आ रहा है। उपलब्ध जानकारियों एवं स्थानीय स्तर पर प्राप्त तथ्यों के आधार पर यह संकेतात्मक रूप से सामने आया है कि कुछ स्थानों पर अपंजीकृत/अप्रशिक्षित (झोलाछाप) चिकित्सकीय प्रैक्टिस करने वाले व्यक्तियों तक पर्ची-आधारित एवं संवेदनशील दवाइयों की आपूर्ति की जा रही है। सूत्रों के अनुसार जिन दवाइयों का उपयोग केवल पंजीकृत चिकित्सक की वैध पर्ची पर किया जाना चाहिए, उनमें— ऑप्टिमोक्स डीटी 250, ऑटोफ्लॉक्स 200, कोर्दिन एलएस सिरप, मग्नाकाफएलएस सिरप, मग्नाकाफ डी-एक्स सिरप, एक्स-जाइम सिरप, हेमो फोर्ट सिरप, डाई-कोल्ड टैब, वेनप्रेस ग्रुप टैब, ओमी कैप्सूल, डीएसआर ग्रुप तथा एंटीबायोटिक समूह की अन्य दवाइयाँ शामिल बताई जा रही हैं। विशेषज्ञों के अनुसार इन दवाइयों का बिना योग्य चिकित्सकीय परामर्श उपयोग मरीजों के स्वास्थ्य एवं जीवन के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न कर सकता है। कानूनी स्थिति



(स्वास्थ्य अधिनियम के अंतर्गत) यह समाचार जनहित एवं कानूनी जागरूकता के उद्देश्य से प्रकाशित किया जा रहा है। इसका आशय किसी व्यक्ति, मेडिकल एजेंसी या प्रतिष्ठान पर प्रत्यक्ष आरोप लगाना नहीं, बल्कि सक्षम प्राधिकारियों का ध्यान तथ्यों की ओर आकर्षित करना है। औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 की धारा 18 बिना नियमों के दवाइयों का निर्माण, भंडारण, बिक्री अथवा वितरण दंडनीय अपराध है। धारा 27 उल्लंघन सिद्ध होने पर दंड एवं कारावास का प्रावधान। औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियम, 1945 एंटीबायोटिक एवं अन्य पर्ची-आधारित दवाइयाँ केवल पंजीकृत चिकित्सक की लिखित पर्ची पर ही दी जा सकती हैं। लापरवाही से मरीज के जीवन को खतरा होने पर IPC की धारा 336/337/338 भी लागू हो सकती हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि एंटीबायोटिक का अनियंत्रित उपयोग एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस (AMR) को बढ़ावा देता है, जिससे भविष्य में सामान्य संक्रमण भी जानलेवा बन सकते हैं। ??? प्रशासनिक जांच की मांग प्रेस रिपोर्टर क्लब से जुड़े पदाधिकारियों द्वारा जनहित में यह विषय सामने लाया गया है। संगठन की ओर से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (CMHO) एवं ड्रग इंस्पेक्टर को लिखित निवेदन/शिकायत प्रस्तुत कर यह मांग की जाएगी कि— संबंधित क्षेत्रों में स्वास्थ्य अधिनियम के तहत तथ्यात्मक जांच कराई जाए, दवाइयों के स्टॉक, भंडारण एवं सप्लाई चैन का सत्यापन किया जाए, नियम उल्लंघन पाए जाने पर कानून अनुसार सख्त कार्रवाई की जाए, तथा झोलाछाप चिकित्सकीय प्रैक्टिस तक दवाइयों की आपूर्ति पर तत्काल रोक लगाई जाए।

# राजा दिग्विजय दास की पुण्यतिथि पर सांसद प्रतिनिधि हरीश शर्मा ने दी श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** दान, शिक्षा और नगर विकास के क्षेत्र में अमिट योगदान देने वाले राजा दिग्विजय दास की पुण्यतिथि पर दिग्विजय महाविद्यालय परिसर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि हरीश शर्मा ने महाविद्यालय में माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

**शिक्षा और नगर निर्माण में ऐतिहासिक योगदान**

श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए हरीश शर्मा ने कहा कि राजा दिग्विजय दास जी वास्तव में दानवीर थे। उन्होंने शिक्षा को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से अपना महल दिग्विजय कॉलेज के रूप में दान कर दिया। साथ ही, राजनांदगांव को एक सुव्यवस्थित और विकसित शहर के रूप में बसाने में उनका योगदान ऐतिहासिक है।

**रेल और जल व्यवस्था में दूरदर्शिता**

हरीश शर्मा ने कहा कि जब रायपुर और बिलासपुर जैसे बड़े शहरों में ट्रेनों का ठहराव नहीं होता था, तब राजा दिग्विजय दास जी के प्रयासों से राजनांदगांव में ट्रेनों को रुकवाया गया। उन्होंने जल व्यवस्था को लेकर पूरे छत्तीसगढ़ में सुचारू रूप से कार्य कर आमजन के जीवन को आसान बनाया। हरीश शर्मा ने कहा, च्च्ऐसे महान विभूति को उनकी पुण्यतिथि पर नमन करना हम सभी का कर्तव्य है। उनके कार्य आज भी हमें जनसेवा की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर देव कुमार निर्वाणी, अनिल नागवंशी, ज्ञानेश गुप्ता, आशुतोष सिंह, मनोज निर्वाणी, अरविंद बैद, लाल जेके वैष्णव, आशीष डोंगरे, मुकेश शर्मा, संभाव वैद्य, दिव्यान देवांगन, ज्ञानेश्वर दास वैष्णव, राजेश वैष्णव, सुमित साहू, राजकुमार देवांगन, आशीष लहरे, विकास चतुर्वेदी, अरुण भास्कर गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। राजा दिग्विजय दास का जीवन हमें यह सिखाता है कि शिक्षा, आधारभूत सुविधाएं और जनहित के कार्य किसी भी समाज को समृद्ध बना सकते हैं। उनकी विरासत आज भी राजनांदगांव की पहचान है।



## 25 जनवरी को बोईरडीह में भव्य रूप से मनाया जाएगा भारत माता मूर्ति स्थापना दिवस

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** संस्कारधानी राजनांदगांव जिले के ग्राम एवं पोस्ट भारत माता विलेज बोईरडीह में 25 जनवरी 2026, दिन रविवार को भारत माता मूर्ति स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। यह आयोजन बालकृष्ण रामधुनी मंडली के संगठन के 29वें वर्ष तथा भारत माता मूर्ति स्थापना के 9 वर्ष पूर्ण होने के शुभ अवसर पर आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम के अंतर्गत दिनभर विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। इनमें प्रमुख रूप से सत्यनारायण कथा एवं पूजा भारत माता की विधिवत पूजा-अर्चना विशिष्ट अतिथियों का सम्मान समारोह बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुति जय मां भानेश्वरी मानस परिवार, सिंघोला द्वारा संगीतमय रामायण पाठ इन कार्यक्रमों के माध्यम से श्रद्धालुओं को धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण का आनंद मिलेगा। छत्तीसगढ़ में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाली बालकृष्ण रामधुनी मंडली सहित समस्त ग्रामवासी बोईरडीह ने आसपास के क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे भारी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं और आयोजन की शोभा बढ़ाएं। इस भव्य आयोजन की जानकारी संचालक हरिचंद पटेल (राजा) ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर हैं और आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए ग्राम स्तर पर व्यापक सहयोग मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि हरिचंद पटेल वर्तमान में जिला रामधुनी संघ राजनांदगांव (6543) के कोषाध्यक्ष भी हैं।

## जीवन को संवारने के लिए शास्त्र ही संजीवनी बूटी होता है....

**धमतरी (नांदगांव टाइम्स)।** रुद्री रोड हनुमान मंदिर में चल रही हनुमान कथा के आज अंतिम दिन में परम पूज्य गुरुदेव श्री संकर्षण शरण जी (गुरुजी) ने हनुमान जी की महिमा का वर्णन करते हुए यह बताएं कि हम सबके पास कोई ना कोई समस्याएं हैं और हम सब अपने जीवन में भटक चुके हैं और हमको सही मार्ग दिखाने के लिए संजीवनी बूटी अर्थात ज्ञान की आवश्यकता है और यह संजीवनी बूटी का पता गुरु बताते है। संजीवनी बूटी का ज्ञान हमे नहीं है तो हनुमान जी पर्वत को ही उठाकर गुरुदेव को दे देते है , मानस में कहा गया है, पावन पर्वत वेद पुराणा....पर्वत ही हमारे वेद है अर्थात शास्त्र को सच्चे लोगों को ,अच्छे लोगों को, जानकार लोगों को ,तत्वदर्शी जो वास्तविक ज्ञानी है उसके सामने रख दीजिए कि हमारे पास भी पर्वत (वेद) है इसका नाम है गीता, महाभारत, भागवत , मानस , कोई भी पर्वत वेद हो गुरु के सामने रखकर आपनी समस्याएं भी बता देना चाहिए गुरुजी समस्या देखेंगे ज्ञानी आपकी समस्या सुनेगा और उस समस्या का निवारण इसी पर्वत (शास्त्र) में ढूंढेगा की कौन सी बूटी आपको काम आएगी जो आपको मूर्छा से सजग कर देगी गुरु जी उस बूटी को निकाल कर चुन कर दे देंगे। यह देखो तुम्हारा समाधान यहां पर है। तो कहीं गीता से, मानस से भागवत,हनुमान चालीसा,देवी भागवत, सब कुछ संजीवनी बूटी के रूप में जिंदगी को संवारने का काम करते हैं । हम सबको मूर्छा से भटकाव से जागने के लिए संजीवनी बूटी की ही आवश्यकता है हम सब संसार में मूर्छित है भटक चुके हैं और इसीलिए जीवन में समस्याएं आती है संजीवनी बूटी का पता हमें सच्चे गुरु ही बताते हैं अर्थात गुरु ही सही रास्ता दिखाते हैं। काफी संख्या में लोगों की भीड़ रही, कल 7:00 बजे से दिव्य और अलौकिक जड़ी बूटियों से हवन किया जाएगा ।



## आलीखूंटा मंडई 24 जनवरी को

**तुमड़ीबोड़ (नांदगांव टाइम्स)।** समीपस्थ आदिवासी बाहुल्य शहीद ग्राम आलीखूंटा में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मंडई होगी। मंडई 24 जनवरी को होगी।ग्राम के हेमा कंवर, रेखु पटेल ने बताया कि रात्रि में मनोरंजन के लिए ढीना (बालोद) वालों का नाच का कार्यक्रम रखा गया है, उन्होंने मंडई एवं नाच कार्यक्रम का आनंद उठाने की अपील की है।

## बी वी जी राम जी पर जिला स्तरीय कार्यशाला एवं सम्मेलन 23 जनवरी को

**तुमड़ीबोड़ (नांदगांव टाइम्स)।** बी वी जी राम जी पर जिला स्तरीय कार्यशाला एवं सम्मेलन 23 जनवरी को सुबह 11 बजे तुमड़ीबोड़ से 2 कि मी पश्चिम दिशा में स्थित जी ई रोड़ स्थित भंसाली (जुगछाया) फार्म हाउस में होगी। इस सम्मेलन के मुख्य वक्ता सांसद संतोष पाण्डेय, नवीन मार्कण्डेय (प्रदेश मंत्री भाजपा), जितेन्द्र वर्मा (जिला प्रभारी, मंत्री प्रदेश भाजपा), जगन्नाथ पाणिग्रही (संभाग प्रभारी, दुर्ग प्रदेश उपाध्यक्ष), कोमल सिंह राजपूत (जिला भाजपा अध्यक्ष) है।

# बालोद में प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरीज् के सफल आयोजन में जिला प्रशासन के विशेष सहयोग के लिए कलेक्टर, एसपी, सीईओ जिला पंचायत सहित अधिकारी हुए सम्मानित

**बालोद।** जिले के ग्राम दुधली में आयोजित ज्प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरीज् के ऐतिहासिक और सफल समापन के बाद आज भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा एक विशेष आभार एवं सम्मान समारोह का आयोजन संयुकत जिला कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया। नेशनल जंबूरी के सफल क्रियान्वयन में विशेष रूप से सहयोग करने वाले जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त श्री इंदरजीत सिंह खालसा, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य श्री यशवंत जैन और जिला मुख्य आयुक्त श्री राकेश यादव उपस्थित रहे। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि इस नेशनल स्तर के इस आयोजन को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न करना जिला प्रशासन के सक्रिय सहयोग के बिना संभव नहीं था। ग्राम दुधली में देश भर से आए रोवर-रेंजर्स के लिए की गई व्यवस्थाओं को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है। इस दौरान अतिथियों ने जंबूरी की सफलता के स्तंभ रहे प्रशासनिक नेतृत्व को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री योगेश पटेल, सीईओ जिला पंचायत श्री सुनील चंद्रवंशी, अपर क्लेक्टर श्री चंद्रकांत कौशिक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। जंबूरी के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले शिक्षा विभाग, पीएचई, नगरीय निकाय, वन विभाग, जनसंपर्क विभाग आदि को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने सम्मान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जंबूरी का सफल आयोजन टीम वर्क का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस तरह के आयोजनों से जिले के युवाओं में अनुशासन, सेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना सुदृढ़ होगी। कार्यक्रम का संचालन श्री के एल गजेन्द्र ने किया।



# कलेक्टर ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक

**बालोद।** जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने और आमजनों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले हर मरीज को गुणवत्तापूर्ण इलाज मिलना सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने संस्थागत प्रसव पर जोर देते हुए खंड चिकित्सा अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले के सभी शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में सुरक्षित और संस्थागत प्रसव की जो लक्ष्य निर्धारित है, उसे शतप्रतिशत प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि बच्चों और गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण में शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि आभा आईडी निर्माण और आयुष्मान वय वंदना कार्ड के निर्माण में बेहतर कार्य हुआ है। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी अपने कर्तव्यों के निर्वहन में विफल पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का मुख्य लक्ष्य आमजन की सेवा है। सभी स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों में हमें शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करनी है ताकि जिले का कोई भी नागरिक बेहतर इलाज से वंचित न रहे। समीक्षा बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुनील चंद्रवंशी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला टीकाकरण अधिकारी सहित सभी खंड चिकित्सा अधिकारी और संबंधित विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित थे।



## धर्म समाचार....

# गंगा में नहाने से मिलता है पुण्य, पर इस नदी के तो दर्शन मात्र से बदल जाता है भाग्य

भारतीय संस्कृति में नदियों को केवल पानी का स्त्रोत नहीं माना जात बल्कि मां का स्थान दिया जाता है। इन नदियों में 'नर्मदा नदी' का नाम बड़े सम्मान से लिया जाता है, जिन्हें आनंद देने वाली नदी कहा गया है। वर्ष 2026 में 25 जनवरी के दिन जब देश भर में नर्मदा जयंती मनाई जाएगी, तब इस नदी का महत्व और भी बढ़ जाएगा। मध्य प्रदेश के अमरकंटक की सुंदर पहाड़ियों से निकलने वाली नर्मदा भारत की सबसे प्राचीन नदियों में से एक मानी जाती है। यह नदी पश्चिम दिशा की ओर बहती है और करोड़ों लोगों की आस्था का मुख्य केंद्र है। यह न केवल हमारी प्यास बुझाती है, बल्कि सदियों से चली आ रही हमारी महान सभ्यता और संस्कारों की रक्षक भी रही है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, नर्मदा नदी का जन्म भगवान शिव की तपस्या और उनके पसीने से हुआ है, इसीलिए इन्हें 'शिवपुत्री' भी कहा जाता है। शास्त्रों में उल्लेख मिलता है कि जब धरती पर महाप्रलय आता है, तब भी नर्मदा का अस्तित्व खत्म नहीं होता।

धार्मिक रूप से यह माना जाता है कि जो पुण्य गंगा में स्नान करने से मिलता है,




वही फल नर्मदा मैया के केवल दर्शन करने से प्राप्त हो जाता है। इतिहास की नजर से देखें तो नर्मदा के किनारे कई बड़े राजाओं ने राज किया और बड़े-बड़े ऋषियों ने यहां शांति की तलाश में साधना की। प्राचीन ग्रंथों में इसे 'रेवा' नाम से पुकारा गया है। यह नदी उत्तर और दक्षिण भारत को आपस में जोड़ने वाली एक प्राकृतिक कड़ी मानी जाती है। नर्मदा नदी की सबसे खास बात इसकी 'परिक्रमा' है, जो दुनिया की किसी भी दूसरी नदी की नहीं की जाती। इस परिक्रमा का मतलब है नदी के उद्गम से लेकर समुद्र तक पैदल यात्रा करना और फिर वापस लौटकर आना। यह लगभग 3,300 किलोमीटर की लंबी यात्रा है, जिसे लोग अपनी श्रद्धा के अनुसार पूरा करते हैं। यह यात्रा इंसान को धैर्य और सादगी सिखाती है। एक पुरानी कहावत है कि 'नर्मदा का हर कंकर, शंकर है'। इसका अर्थ है कि इस नदी में मिलने वाले पत्थर प्राकृतिक रूप से शिवलिंग का आकार ले लेते हैं, जिन्हें 'नर्मदेश्वर' कहा जाता है। लोग इन पत्थरों को बहुत पवित्र मानते हैं और अपने घरों में पूजते हैं, जो इस नदी की दिव्यता को दर्शाता है। नर्मदा के किनारे बसे घाट और मंदिर हमारी सुंदर कला और इतिहास की गवाही देते हैं। महेश्वर, ओंकारेश्वर और जबलपुर का भेड़ाघाट ऐसे स्थान हैं, जहां जाकर मन को शांति मिलती है। महेश्वर के सुंदर घाटों को रानी अहिल्याबाई होल्कर ने बनवाया था, जो आज भी अपनी मजबूती और सुंदरता के लिए मशहूर हैं। वैज्ञानिकों और इतिहासकारों का मानना है कि मानव सभ्यता की शुरुआत में भी लोग नर्मदा के किनारे रहा करते थे, क्योंकि यहां बहुत पुराने अवशेष मिले हैं। इसी नदी के किनारे आदि गुरु शंकराचार्य को उनके गुरु मिले थे, जिन्होंने उन्हें ज्ञान की शिक्षा दी थी। इस तरह नर्मदा केवल धर्म नहीं बल्कि ज्ञान और कला का भी प्रतीक है।

## वसंत पंचमी पर बन रहा बुधादित्य और सर्वार्थ सिद्धि योग

वसंत पंचमी का पर्व हर वर्ष माघ मास की शुक्ल पक्ष पंचमी को बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। वर्ष 2026 में यह पर्व 23 जनवरी को है। इसे विद्या, ज्ञान और कला की देवी मां सरस्वती के प्रादुर्भाव से जोड़ा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन सूर्य की ऊर्जा और पीले रंग का प्रभाव विशेष रूप से शुभ होता है। शास्त्रों में बताया गया है कि इस दिन किए गए कार्यों और पूजा से बुद्धि, सफलता और समृद्धि में वृद्धि होती है। बच्चों और विद्यार्थियों के लिए यह दिन विशेष रूप से फलदायी माना जाता है। वसंत पंचमी 23 जनवरी को पड़ रही है इस दिन शुक्ल पक्ष पंचमी तिथि, गुरु बृहस्पति और शुक्र देव की अनुकूल स्थिति, और गुरु-चन्द्र योग विशेष रूप से शुभ माने जाते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इन ग्रह योगों के कारण विद्या की प्राप्ति, मानसिक शांति और पारिवारिक सौहार्द में वृद्धि होती है। खासतौर पर जो विद्यार्थी और ज्ञानार्जन के इच्छुक लोग इस दिन पूजा और व्रत करते हैं, उनके लिए यह दिन अत्यंत शुभ होता है। शास्त्रों में इसे धार्मिक और सामाजिक दृष्टि से भी लाभदायक माना गया है। साथ ही, इस वर्ष वसंत पंचमी पर बुधादित्य योग और सर्वार्थ सिद्धि योग का विशेष संयोग बन रहा है। सूर्य देव और बुध देव की युति से बनने वाला बुधादित्य योग करियर, शिक्षा और व्यापार में उन्नति देने वाला माना जाता है। वहीं सर्वार्थ सिद्धि योग में शुरू किए गए कार्यों के सफल होने की संभावना प्रबल होती है। इन शुभ योगों के प्रभाव से वसंत पंचमी का यह पर्व न केवल आध्यात्मिक, बल्कि भौतिक दृष्टि से भी अत्यंत फलदायी बन रहा है। वसंत पंचमी के शुभ योगों का प्रभाव जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। इस दिन मां सरस्वती की पूजा और व्रत करने से विद्यार्थियों को अध्ययन में सफलता प्राप्त होती है और उनकी एकाग्रता व स्मरण शक्ति में वृद्धि होती है। वहीं, करियर और पेशेवर जीवन में यह दिन नए अवसर और तरक्की के संकेत देता है। व्यापारियों के लिए यह दिन निवेश, नए व्यवसाय या योजनाओं की शुरुआत के लिए अत्यंत अनुकूल माना जाता है।



# NB GROUP OF SCHOOLS


नीरज बाजपेयी

## बसंत पंचमी

23 जनवरी 2026 शुक्रवार

संस्कार युक्त शिक्षा

विद्यारंभ संस्कार

विशेष छूट ADMISSION FEE OFF UP TO CLASS- 5TH

& ₹ 2000/- for other CLASSES



नर्सरी में प्रवेश लेने वाले छात्रों को प्री–नर्सरी की पढ़ाई – FREE

OFFER VALID TILL 2nd FEB

SCAN TO EXPLORE OUR BRANCHES–VIRTUAL SCHOOL TOUR.

**NEERAJ BAJPAYEE INTERNATIONAL SCHOOL** (CBSE Affiliation No. : 3330241)
BORI, RAJNANDGAON
93402-80363, 93408-74310

**NEERAJ PARENTS' PRIDE SCHOOL**
JAI STAMBH CHOWK
62626-11862 | 93407-31125

**NEERAJ FOUNDATION** KIDS' PREMIUM SCHOOL
KHANDELWAL COLONY, KAMLA COLLEGE ROAD
92019-58612 | 92019-58613

**NEERAJ PARENTS' PRIDE SCHOOL & FOUNDATION-2**
BALDEO BAGH
70002-17171 | 62626-11851

Special offer also available at: NEERAJ VIDYA MANDIR(NVM) Dongargaon | CONTACT: 9039925536

NB GROUP OF SCHOOL'S MILESTONE PUBLIC SCHOOL
SH - 05, RAJNANDGAON ROAD, KHAIRAGARH, DIST-KCG 491881
Ph. 96680-01919
NEVER BEFORE → STARTED PLAY GROUP
PLAY GROUP & NURSERY TRANSPORT - FREE
CLASS - II TO CLASS - X (FREE - 2000/- OFF ADMISSION FEE)
PLAY GROUP TO CLASS - 1 (ADMISSION FEE - FREE)
✓OFFER TILL - 09-02-2026

Only School in Rajnandgaon

## SCHOOL INTEGRATED PROGRAM

Limited 40 Seats IN EACH CLASS

**NEERAJ BAJPAYEE INTERNATIONAL SCHOOL**
BORI, RAJNANDGAON
BEST SIP AWARD
IN ITS FIRST ACADEMIC YEAR
PW Pan India, Academic Year 2025–26

**PW VIDYAPEETH**
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
PHYSICS WALLAH
Academic Excellence Partner!

## FOCUSED OFFLINE DROPPER BATCH FOR NEET ASPIRANTS – NPPS BALDEO BAGH

FOR CLASS
8th | 9th | 10th | 11th | 12th
Foundation | IIT-JEE/NEET

CBSE बोर्ड की पढ़ाई के साथ-साथ FOUNDATION | IIT-JEE | NEET की तैयारी P.W. के शिक्षकों के द्वारा अब अपने राजनांदगांव शहर में...

OFFLINE REGULAR CLASSES FOR IIT-JEE / NEET + CBSE BOARD

FOR REGISTRATION & ENQUIRY : 9340280363, 9340874310

BORI, KHAIRAGARH ROAD, RAJNANDGAON (C.G.) | nbis.rjn@gmail.com | www.nbisrjn.com

## WANTED

**TEACHING STAFF ALL SUBJECTS**
- PGT- POST GRADUATION WITH B.ED.
- TGT- GRADUATION WITH B.ED.
- PRT- GRADUATION WITH B.ED.
- NTT- GRADUATION WITH B.ED./NTT
- SPECIAL EDUCATOR
- LAB ASSISTANT

**NON-TEACHING STAFF**
- MBA/SCHOOL MARKETING & OUTREACH MANAGER
- TECHNICAL STAFF (CAMERA & GPS)
- ELECTRICIAN
- ACCOUNTANT
- DRIVER & CONDUCTOR

APPLY WITH LATEST RESUME WITHIN 7 DAYS AT- nbis.rjn@gmail.com

**IMPORTANT INSTRUCTIONS**
1. EXPERIENCED CANDIDATE WITH EXCELLENT COMMUNICATION WILL BE PREFERRED.
2. ONLY SHORTLISTED CANDIDATES WILL BE CALLED FOR INTERVIEW.

**OPEN DAYS FOR ALL**
पालकों से आग्रह है कि एक बार हमारी शाला अवश्य पधारें एवं यहाँ की व्यवस्था को करीब से देखें तत्पश्चात अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य हेतु निर्णय लें।

- TIME - 10:00 AM to 1:00 PM


प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com